# मेहनत से छात्र प्राप्त कर सकते हैं लक्ष्य : भूरिया



**नवभारत न्यूज**
**सरदारपुर .** गुरु पूर्णिमा पर स्कूलों में कार्यक्रम हुए। सांदीपनि स्कूल में भी छात्रों ने गुरुओं का सम्मान किया।

मुख्य अतिथि विधायक वेलसिंह भूरिया एवं भाजपा जिला मंडल उपाध्यक्ष जिला धार रोमा धर्मेंद्र मंडलोई और विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य झबर सिंह पटेल ने स्वागत भाषण में संस्था में संचालित गतिविधियों से अतिथियों का अवगत कराया। उन्होंने बताया की इस वर्ष संस्था में प्रवेश प्रक्रिया में बहुत सरल मानकों को रखा गया जिससे दर्ज संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई है वर्तमान में संस्था में लगभग 1000 दर्ज संख्या हो चुकी है।

सांदीपनि विद्यालय एक विशेष संस्था है इसमें बच्चे मेहनत करके भविष्य सवार सकते है। वर्तमान में संदीपन विद्यालय संसाधन युक्त विद्यालय तो है ही यहां पर बहुत अच्छा नेतृत्व और मार्गदर्शन भी है। इसका लाभ उठाकर आप अपने जीवन को सफल बना सकते हो। इस अवसर पर रमा मंडलोई ने बताया कि हर विद्यार्थी में कोई विशेष गुण जरूर होता है, कोई पढ़ाई में तो कोई अन्य क्षेत्र में। प्रत्येक विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को पहचान कर उसी दिशा में लक्ष्य बनाकर मेहनत करें। मुख्य अतिथि वेलसिंह भूरिया ने विद्यार्थियों को गुरुजनों का सम्मान माता-पिता का सम्मान करने की बात कही एवं उन्होंने संस्था के प्राचार्य झबर सिंह पटेल के द्वारा किए गए प्रयासों को भी खुले दिल से सराहा। ऊर्जावान स्टाफ सदस्य और संस्था में सही लीडरशिप हो तो संस्था कहीं कीर्तिमान एवं असीम लक्ष्य को प्राप्त कर सकती है। भूरिया ने अनुशासन युक्त विद्यार्थियों की खूब तारीख की एवं अनुशासन के महत्व के बारे में भी बताया। संचालन डॉ शिरीन कुरैशी मैडम ने किया। आभार शांतिलाल वसुनिया ने माना।

## पीएमश्री कन्या स्कूल में भेंट किया पौधा



**बाकानेर। गुरु-शिष्य परंपरा के प्रतीक पर्व गुरु पूर्णिमा का आयोजन बाकानेर स्थित पीएम श्री कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।** कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा गुरु पूजन से हुई। छात्राओं ने सभी गुरुओं का तिलक लगाकर सम्मान किया और उपहार स्वरूप एक-एक पौधा भेंट किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधा भेंट करने की इस पहल की सभी ने सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या किरण वास्केल ने कहा कि गुरु हमारे जीवन के प्रथम मार्गदर्शक होते हैं। शिक्षा के साथ संस्कार देना ही सच्चे गुरु की पहचान है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे गुरु के बताए मार्ग पर चलकर देश और समाज का नाम रोशन करें। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका माधुरी उदासी, बलदेव सिंह पवार और रामकोर मंडलोई ने भी छात्राओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने गुरु के महत्व, त्याग और समर्पण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज की नींव रखते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने गुरु महिमा पर आधारित कविता, गीत और भाषण भी प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित सभी ने खूब सराहा।

# गायत्री शक्तिपीठ में किया पंच कुंडीय यज्ञ



**धार ।** धार गायत्री शक्तिपीठ पर (महेश नगर किले के पीछे) गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रृद्धा, भक्ति और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुपूर्णिमा पर्व का शुभारंभ मां गायत्री, गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा पूजन के साथ हुआ।

इस अवसर पर आयोजित पंच कुंडीय यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के साथ श्रद्धा के साथ आहुतियां दी है। इस दौरान जन्म दिवस सहित अनेक संस्कार भी सम्पन्न करवाए गए। गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी रमेश चंद्र सचान ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा गुरुदीक्षा ली गई और सभी गुरू भक्त, गायत्री परिजनों द्वारा गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के विचारों को घर घर पहुंचाने का संकल्प लिया गया। यज्ञ पूर्णाहूति के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।

## जेएलआर इंडिया ने दर्ज किया सेल्स का रिकॉर्ड परफोर्मेन्स

इंदौर. जेएलआर इंडिया ने पहली तिमाही के लिए अब तक का सबसे अच्छा रीटेल सेल्स परफोर्मेन्स दर्ज किया है, कंपनी ने 11 फीसदी सालाना की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 27 की पहली तिमाही में 1665 युनिट्स बेची हैं। इसी तरह तिमाही में होलसेल बिक्री भी 4 फीसदी सालाना की दर से बढ़कर 1694 युनिट्स पर पहुंच गई है. वित्तीय वर्ष 2027 की पहली तिमाही में कुल रीटेल बिक्री में रेंज रोवर, रेंज रोवर स्पोर्ट और डिफेंडर मॉडल की हिस्सेदारी 85 फीसदी से अधिक रही, जो भारत के लग्ज़री एसयूवी सेगमेंट में इनकी मज़बूत स्थिति को दर्शाता है.

## साध्वी ऋतुंभरा गुरु भक्त मंडल की बैठक

**धार।** पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतंभरा जी के प्रस्तावित भोजशाला दर्शन कार्यक्रम को लेकर गुरु भक्त मंडल की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गुरु भक्त उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में भोजशाला दर्शन यात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि दीदी मां ऋतंभरा जी का आगमन समस्त हिंदू समाज एवं भक्तों के लिए सौभाग्य का विषय है। सभी श्रद्धालु अनुशासन एवं श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में सहभागी बनें। बैठक में परिवहन, स्वागत, साज सज्जा, एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया। गुरु भक्त मंडल के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर दीदी मां के सान्निध्य ,आशीर्वचन एवं भोजशाला दर्शन का लाभ लेने का आग्रह किया।

## एक नजर में

### बालीपुर धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**धार।** मनावर क्षेत्र के ग्राम बालीपुर स्थित माँ अंबिका आश्रम (बालीपुर धाम) में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बालीपुर के तपस्वी संत श्री योगेश जी महाराज एवं सुधाकर जी महाराज के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा, ब्रह्मलीन संत गजानन महाराज (बाबा बालीपुर) की प्रतिमा का पाद-पूजन, हनुमान जी का श्रृंगार और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आश्रम को फूलों और रोशनी से सुंदर सजाया गया था, जहाँ धार, खरगोन, बड़वानी,खंडवा,इंदौर, भोपाल, रतलाम के साथ ही गुजरात जैसे दूर-दूर राज्यों से हजारों गुरु भक्त दर्शन व वन्दन के लिए पहुँचे। संत योगेश महाराज और सुधाकर महाराज के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और भगवान हनुमान को चोला चढ़ाया गया। तत्पश्चात आश्रम में ब्रह्मलीन संत गजानन जी महाराज बाबा बालीपुर की प्रतिमा का पूजन किया गया।

### संत रविदास की 650वीं जयंती पर महाआरती



**बदनावर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल, बदनावर द्वारा गुरुवार को मंडी रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में संत गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक दीप प्रज्वलन, महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों, समाजजनों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक महाआरती कर संत रविदास जी को नमन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि संत गुरु रविदास जी ने अपने जीवन और विचारों से समाज को समरसता, समानता, मानवता तथा भाईचारे का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने सभी से संत रविदास जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई। आयोजन के दौरान श्रद्धा एवं भक्ति का वातावरण बना रहा।

### लोटस इंटरनेशनल स्कूल में जिला स्तरीय कुराश प्रतियोगिता




**नागदा ।** स्थित लोटस इंटरनेशनल स्कूल में जिला स्तरीय कुराश प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर द्वारा सभी मुख्य अतिथियों, कोचों एवं खिलाड़ियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत करते हुए किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन एवं निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न भार वर्गों में रोमांचक मुकाबले हुए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय एवं जिले के लिए गर्व का विषय है कि यहां से जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थी अब राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। अंत में सभी अतिथियों, कोचों, निर्णायकों एवं आयोजन समिति का आभार माना। प्रतियोगिता का समापन सफलतापूर्वक व अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।



## जेसीज हायर सेकंडरी स्कूल, मनावर में गुरु पूर्णिमा उत्साहपूर्वक मनाई

**मनावर।** जेसीज हायर सेकंडरी स्कूल, मनावर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक गरिमामय एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जायसवाल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय की छात्राओं ने सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर एवं पुष्प अर्पित कर पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने गुरु के महत्व, भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा तथा वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वंदना चौहान, भूपेंद्र सोनाने एवं पल्लवी शर्मा ने प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि श्री अखिलेश जायसवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में गुरु के मार्गदर्शन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार एवं सतत अध्ययन के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रियांक प्रवासी ने अपने उद्बोधन में गुरु पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को अच्छे और बुरे के बीच सही निर्णय लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा की सफलता शिक्षक और विद्यार्थी, दोनों के समर्पण एवं सहभागिता पर आधारित होती है।

### छात्राओं ने गुरु को समर्पित मनमोहक कार्यक्रम पेश कर सबका मनमोह लिया

सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन गणेश पाटीदार ने किया, जबकि अंत में विद्यालय की समन्वयक प्रतिभा जाधव ने सभी अतिथि, शिक्षकों, एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जबकि अंत में विद्यालय की समन्वयक श्रीमती प्रतिभा जाधव ने सभी अतिथि, शिक्षकों, एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# शराब पीकर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों पर नगर निगम का शिकंजा

## शराबी कर्मचारी नहीं चला सकेंगे निगम के वाहन



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर. मध्य प्रदेश के स्वच्छ शहर में नगर निगम द्वारा नया फरमान जारी किया गया है. नगर निगम ने ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर निगम वाहनों के विषय नया फैसला लिया है. बताया जा रहा है कि अब नगर निगम के कर्मचारी और ड्राइवर शराब पीकर गाड़ी नहीं चला सकेंगे. इंदौर नगर निगम में गाड़ी का स्टेरिंग संभालने से पहले सभी वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच करने का निर्णय लिया है.**

नगर निगम के शहर में 85 वार्डों में कचरा कलेक्शन गाड़ियों के साथ अन्य कार्यों में तैनात सैकड़ों गाड़ियों से शहर में स्वच्छता का काम किया जाता है. उक्त कार्य के दौरान कई बार ऐसे भी मामले सामने आए, जब या तो नगर निगम के ड्राइवर शराब पिए हुए थे, या फिर शराब पीने के बाद निगम की छवि को धूमिल किया था. पिछले दिनों बॉम्बे अस्पताल चौराहे पर एक निगम का कर्मचारी डस्टबिन के पास शराब के नशे में धुत पड़ा हुआ था.

इन घटनाओं से लिया सबक - पिछले दिनों द्वारकापुरी थाने में भी नगर निगम के कर्मचारियों ने शराब पीकर हंगामा किया था. इस दौरान थाने में ही कर्मचारियों के बीच जमकर मारपीट हुई थी. इसके अलावा वार्ड 28 का दरोगा ड्यूटी के दौरान ही शराब पीता हुआ पाया गया था. सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो भी सर्कुलेट हुए थे. ऐसे तमाम मामलों को लेकर परेशान निगम प्रशासन ने मुख्यालय, वर्कशॉप एवं निगम के सभी झोनल कार्यालय पर वाहन चालकों की ड्यूटी पर शराब सेवन की जांच करने का निर्णय लिया है.

## ग्राम देवरा में लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**मनावर।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, यूनिट धार सीमेंट वर्क्स द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत ग्राम देवरा में विशाल नि:शुल्क मल्टी स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। यह शिविर संस्थान प्रमुख नीतेश निराला एवं मानव संसाधन प्रमुख राजेश जैन के मार्गदर्शन तथा सीएसआर प्रमुख श्री विपिन सक्सेना के निर्देशन में आयोजित हुआ। शविर का शुभारंभ ओंकारा लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती राखी निराला ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सरपंच एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 249 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इनमें 128 महिलाएं एवं 121 पुरुष शामिल रहे।

# सरदारपुर में लोक सेवा केंद्र की बदहाली से लोगों को परेशानी

**सरदारपुर।** आम नागरिकों को त्वरित सरकारी सेवाएं देने का दावा करने वाला सरदारपुर का लोक सेवा केंद्र वर्तमान में खुद बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। परिसर में पसरी गंदगी, टपकती छत और प्रवेश द्वार पर आवारा कुत्तों के जमघट से यहां आने वाले लोग बेहद परेशान हैं।



मुख्य द्वारा पर कुत्ता सोया

बुधवार को सरपंच संघ के अध्यक्ष मायाराम मेडा (मिण्डा) अपने परिजनों के जाति प्रमाण पत्र का आवेदन जमा कराने लोक सेवा केंद्र पहुंचे थे।

**परिसर में आवारा कुत्तों का डेरा:** मुख्य द्वार पर हर वक्त आवारा कुत्ते सोए रहते हैं, जिससे यहां आने वाले बच्चों और नागरिकों पर हमले का खतरा बना रहता है। गंदगी और टपकती छत शौचालय की तीव्र दुर्गंध से परिसर में खड़ा रहना मुश्किल है। बारिश में छत टपकने से फर्श पर कीचड़ और जलजमाव हो गया है। मांग- सरपंच संघ अध्यक्ष ने प्रशासन से केंद्र की तत्काल सफाई कराने, टपकती छत व शौचालय की मरम्मत करने और आवारा कुत्तों को हटाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।


सरपंच मयाराम मेडा मिण्डा

## एक नजर में

विशेष सुगंधित द्रव्य, दूध, भांग से श्रद्धालु कर रहे भोलेबाबा का अभिषेक

# सावन शुरू, शिव मंदिरों में अभिषेक के लिए लगने लगी भक्तों की कतारें

**मनावर।** देवों के देव महादेव को समर्पित पावन श्रावण मास का शुभारंभ हो गया है। इसके साथ ही नगर सहित आसपास के समस्त शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। अलसुबह से ही श्रद्धालु गंगा जल, नर्मदा जल, दुग्ध, दही, घृत, शहद एवं शक्कर से भगवान शिव का अभिषेक कर सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना करेंगे। पूरा नगर हर हर महादेव और नम: शिवाय के जयघोष से भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा।

श्रावण मास के दौरान प्रतिदिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक, पंचामृत स्नान, विशेष श्रृंगार, धूप-दीप, नैवेद्य, पंचखोखा मिठाई का भोग तथा भव्य महा आरती का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न प्रकार के सुगंधित एवं रंग-बिरंगे पुष्पों से भगवान भोलेनाथ का मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे।

**कांवड़ यात्रा भी शुरू :** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा का भी विशेष महत्व है बड़ी संख्या में श्रद्धालु समीप बहने वाली पावन मां नर्मदा से कांवड़ों में जल भरकर कई किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए मनावर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों तक पहुंचेंगे। श्रद्धालु बोल बम और हर हर महादेव के जयघोष के साथ भगवान भोलेनाथ का नर्मदा जल से जलाभिषेक कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करेंगे।

श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को नगर के प्राचीन एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र बंकनाथ अटल दरबार से भगवान की पावन पालकी यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से पूरे धार्मिक उल्लास, भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ निकाली जाएगी। श्रद्धालु पालकी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। वहीं श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भगवान भोलेनाथ की भव्य शाही सवारी निकाली जाएगी, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

> प्रमुख शिवालय श्रावण मास में नगर के प्रमुख शिवालयों-बंकनाथ अटल दरबार, गुप्तेश्वर कांच मंदिर, जागेश्वर मंदिर, थानेश्वर मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर शिवालय, मंगलादेवी मंदिर शिवालय , चामुंडादेवी मंदिर शिवालय, दुर्गा मंदिर शिवालय, गुप्तेश्वर महादेव मंदिर कस्थली, श्री राम मंदिर शिवालय मान नदी किनारे, पुराना तहसील परिसर शिव मंदिर, सिंचाई कालोनी शिव मंदिर, विद्युत मंडल ग्रिड शिव मंदिर तथा पुराना न्यायालय परिसर स्थित शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, महाआरती एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। श्रावण मास के दौरान शिवालयों में प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। भगवान भोलेनाथ के भक्त व्रत, उपवास, भजन-कीर्तन एवं शिव आराधना में लीन रहेंगे। पूरा नगर एक माह तक शिवमय वातावरण में डूबा रहेगा और चारों ओर हर हर महादेव और ऊं नम: शिवाय का पावन उद्घोष निरंतर गूंजता रहेगा।